>

Title: Regarding setting up of Kendriya Vidyalaya in Supaul Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन में शून्य काल के माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल के जनमानस की चिर-परिचित मांग केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि नेपाल सीमा से सटा हुआ मेरा संसदीय क्षेत्र सुपौल पड़ता है। इस क्षेत्र में मधेपुरा का कुछ भाग और सुपौल जिला आता है। यहां पर बेहतर शिक्षा हेतु केन्द्रीय प्रायोजित एक भी विद्यालय नहीं है, जिसके कारण मेधावी छात्र एवं ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी बेहतर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। गृह मंत्रालय, रेलवे, विद्युत मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय कार्यालयों के साथ यहां कई औद्योगिक इकाईयां स्थापित हैं, जो केन्द्र द्वारा प्रायोजित हैं और जिनके बच्चे केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने से वंचित रह जाते हैं। जबकि केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के समय तय किया गया था कि जहां केन्द्र सरकार के कार्यालय एवं औद्योगिक इकाईयां होंगी, वहां केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जायेगी।

महोदय, सांसद कोटे से केन्द्रीय विद्यालय में नामांकन का कूपन भी मेरे क्षेत्र में विद्यालय नहीं होने के कारण मेरे कार्यालय की शोभा बढ़ा रहा है, जिसका मैं उपयोग नहीं कर पाता हूं। इसलिए माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल के जिला मुख्यालय में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना अविलम्ब करायें, जिससे कि लोगों को उत्तम शिक्षा मिल सकें और मैं अपने अधिकार का भी उपयोग कर सकूं, अर्थात् मुझे जो कूपन मिलता है, मैं उसका उपयोग कर सकूं।